प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने का दिया निर्देश : कहा– मौनी अमावस्या पर 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना।
2. 10 देशों का 21 सदस्यीय दल कल संगम में लगाएगा पवित्र डुबकी : मेला क्षेत्र में लगेगा संस्कृति का महाकुंभ, देश के नामचीन कलाकार देंगे प्रस्तुति।
3. 15 फरवरी को वाराणसी में शुरू होगा काशी तमिल संगमम का तीसरा चरण : केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज पंजीकरण पोर्टल का किया शुभारंभ।

और

4. प्रदेश में घने कोहरे और ठंड से अधिकतर जिले प्रभावित : संभल, बदायूं और वाराणसी समेत कई जनपदों में आठवीं तक के स्कूलों में बढ़ाई गई छुट्टियां।

—————————

प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ का पावन स्नान पूरी आस्था और उल्लास के साथ जारी है। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति पर अमृत स्नान में 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने के बाद मेला प्रशासन लगातार सुविधाओं को और बेहतर करने में जुटा है। मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ ने आज महाकुंभ की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना है, ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाये। पेश है एक रिपोर्ट..

*मुख्यमंत्री ने आज वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। श्री योगी ने रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुम्भ स्पेशल ट्रेनों का समय से आवागमन सुनिश्चित कराने और मेला क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बसों, शटल बसों और इलेक्ट्रिक बसों का संचालन लगातार कराने और मेला क्षेत्र में शौचालयों की नियमित सफाई, घाटों की बेरिकेटिंग और सभी सेक्टरों में 24 घंटे बिजली और पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है। उधर, मेला प्रशासन की ओर से स्वच्छता अभियान चलाकर घाटों को तेजी से साफ किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार, कक्ष से तनवीर फातिमा।*

महाकुंभ में शामिल होने के लिए देश और दुनिया से लाखों श्रद्धालु लगातार प्रयागराज पहुंच रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा के मद्देनजर भारतीय रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन पर एक विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया है। इसकी मदद से भीड़ नियंत्रण और भक्तों को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव दिया जा रहा है। देश के कोने कोने से प्रयागराज पहुंचे श्रद्धालु महाकुंभ की व्यवस्थाओं से काफी खुश नज़र आ रहे हैं। संगम में आस्था की डुबकी लगाने पहुंची रितु तिवारी ने बताया कि महाकुंभ में आरती से लेकर गंगा स्नान तक के लिए सरकार ने सुगम व्यवस्था की है।

बाइट......

*हम हमेशा कुम्भ में आते है लेकिन इस बार का जो भी यहाँ की व्यवस्था है बहुत ही बढ़िया है। गंगा स्नान ऐसी लेकर आरती तक जो भी यह झरना है, जगह–जगह के पंडाल है लोग को जो भी घूमने के टहलने के हम युवाओं के लिए तो काफी अच्छे है, बाकी वृद्धों के लिए भी काफी व्यवस्था की गयी है। हर जगह शौचालय की भी व्यवस्था है मतलब हर चीज़ की व्यवस्था है।*

——————

**आस्था और आध्यात्म का समागम महाकुंभ पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसी क्रम में कल 10 देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....**

*विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन के आमंत्रण पर आये दल में फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एंडटोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि शामिल हैं। आज प्रयागराज पहुंचे इस दल ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में हेरिटेज वॉक की और प्रयागराज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का अनुभव किया। कल सुबह त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाने के बाद यह पर्यटक दल हेलीकॉप्टर से महाकुंभ क्षेत्र का हवाई दौरा करेगा। –प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————

**महाकुंभ में कल से आस्था के साथ ही संस्कृति के महाकुंभ का भी शुभारंभ होगा। संस्कृति का महाकुंभ एक विशेष आयोजन है, जिसके तहत देश का नामचीन कलाकार मेला क्षेत्र में बने पंडालों में प्रस्तुतियां देंगे। पेश है एक रिपोर्ट......**

*सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुख्य मंच गंगा पंडाल का होगा, जिसमें कल बॉलीवुड गायक शंकर महादेवन के सुरों की गंगा में श्रोता आनंद की डुबकी लगाएंगे। वहीं यमुना पंडाल में काशी के संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी मंगला चरण की प्रस्तुति करेंगे। सरस्वती पंडाल में दर्शक नौटंकी विधा रूबरू होंगे। गौरतलब है सेक्टर–1 के परेड ग्राउंड में बने गंगा पंडाल में 10, हज़ार दर्शकों के बैठने की क्षमता है जो देश के प्रसिद्ध कलाकारों की*

*भव्य प्रस्तुतियों का मुख्य केंद्र है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

———————

महाकुंभ में मकर संक्रांति पर्व पर पहले अमृत स्नान के बाद लौटने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में अयोध्या और वाराणसी का रुख कर रहे हैं। अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए भक्तों की कई किलोमीटर लम्बी लाइन लगी रही। वहीं काशी विश्वनाथ दरबार से लेकर दशाश्वमेध स्थित गंगा तट तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। ऐसे में जिलाधिकारी एस.राजलिंगम और अपर पुलिस आयुक्त डॉ. एस चिनप्पा की अगुआई में भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*लाखों की भीड़ को देखते हुए काशी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शहर की ओर आने वाले मार्ग के साथ गंगा तट और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, कालभैरव मंदिर मार्ग पर जगह–जगह पुलिस फोर्स तैनात की गई है। सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन से गंगा घाटों की निगरानी हो रही है। वाराणसी में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देख यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत सुगम यातायात के लिए मैदागिन से चौक और गोदौलिया को आने वाली सभी सड़कों को पुलिस ने नो व्हीकल जोन बनाया है। इसी तरह नमो घाट, अस्सी घाट, दशाश्वमेध घाट की ओर जाने वाली सड़क पर भी यातायात प्रतिबंधित किया गया है।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में काशी तमिल संगमम के तीसरे चरण के लिये पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री प्रधान ने कहा कि इस वष 10 दिवसीय काशी तमिल संगमम 15 फरवरी को वाराणसी में शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में एक हजार दो सौ प्रतिनिधि, शिल्पकार और नव प्रवर्तक शामिल होंगे। इस संस्करण में पाँच श्रेणियों के अंतर्गत लगभग एक हज़ार लोग भाग लेंगे। इसक तहत सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के 200 तमिल विद्यार्थियों का एक समूह वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या की यात्रा करेगा।

—————————

प्रदेश के सहकारिता मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने लखनऊ में प्रदेश के पहले सरकारी ड्रोन पायलट प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री राठौर ने बताया कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करके महिलाएं ड्रोन दीदी बनेंगी और अपने भविष्य को संवारेगी। बाइट......

*बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। ड्रोन प्रशिक्षण ड्रोन दीदी बनाने की जिसमें गाँव की जो महिलाएं हैं, बच्चियाँ है इनको सक्षम बनाने के लिए और इनको टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए आज के समय की जो टेक्नोलॉजी एडॉप्शन है इसको नीचे तक पहुंचाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने ड्रोन दीदी की कल्पना की है। फसल पर डालने के लिए ड्रोन के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से यूरिया और डीएपी का छिड़काव किया जा सके, पेस्टिसाइड्स का छिड़काव किया जा सके। इसके लिए ड्रोन की बहुत आवश्यकता है।*

—————————

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर 5 फरवरी को होने जा रहे उपचुनाव के लिए आज दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए। समाजवादी पार्टी से अजीत प्रसाद ने आज पर्चा भरा वहीं मौलिक अधिकार पार्टी से रामनरेश चौधरी ने नामांकन किया।

—————————

भीषण कोहरे और ठंड से आज प्रदेश के अधिकतर ज़िले प्रभावित रहे। ठंड और कोहरे को देखते हुए संभल और बदायूं में जिलाधिकारी ने कक्षा आठ तक के सभी विद्यालयों की छुट्टियां 16 जनवरी तक बढ़ा दी हैं। वहीं 8वीं तक के स्कूल वाराणसी में 18 जनवरी और सुल्तानपुर में

19 जनवरी तक बंद करने के निर्देश दिए गये हैं। उन्नाव में स्कूलों का समय आज से बदल दिया गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्से में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही है कई ज़िलों में बारिश का अनुमान भी जताया है।

(समाप्त)